संसदीय कार्य मंत्रालय ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

Posted On: 01 MAY 2024 4:03PM by PIB Delhi

संसदीय कार्य मंत्रालय ने 16 से 30 अप्रैल 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। इसे भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जारी वर्ष 2024 के स्वच्छता पखवाड़ा कैलेंडर के अनुसार मनाया गया।

संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव द्वारा 16 अप्रैल, 2024 को 'स्वच्छता शपथ' दिलाए जाने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत हुई।

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, सफाई अभियान चलाया गया, मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा पुरानी दस्तावेज वाली फाइलों की समीक्षा, रिकॉर्डिंग और छंटाई की गई तथा नीलामी के लिए पुरानी और अप्रचलित वस्तुओं की पहचान की गई। संविधान सदन स्थित मंत्रालय के कार्यालयों में कमरों और उपकरणों की सफाई की गयी और नियमित रखरखाव किया गया। कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, जागरूकता फैलाने और स्वच्छता की संस्कृति विकसित करने के लिए केरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विकासपुरी के छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्कूल में एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ नकद पुरस्कार दिए गए।

स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 का समापन, मंत्रालय के शीर्ष तीन अनुभागों, जो स्वच्छता मापदंडों पर सर्वश्रेष्ठ रहे थे, को पुरस्कार दिए जाने के साथ हुआ। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. सत्य प्रकाश ने आंतरिक और बाह्य स्वच्छता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रकाश ने पखवाड़े के दौरान मंत्रालय द्वारा चलायी गई विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कर्मचारियों से जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने का भी आग्रह किया।

संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव श्री उमंग नरूला ने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बड़े लक्ष्य का अभिन्न अंग है। उन्होंने कर्मचारियों से पूरे वर्ष स्वच्छता पखवाड़े के परिणामों को बनाए रखने का अनुरोध किया।

****

एमजी/एआर/आरपी/जेके/डीवी

(Release ID: 2019341) Visitor Counter : 267

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Punjabi , Tamil